## बोवनी के बाद बारिश का इंतजार हुआ थोड़ा कम, फसलों के बेहतर अंकुरण की बढ़ी उम्मीद

# तीन दिन की बारिश से किसानों में जगी उम्मीद, खेतों में लौटने लगी फिर से रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में पिछले तीन-चार दिनों से दोपहर के समय हो रही बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। लंबे इंतजार के बाद हुई इस बारिश ने खरीफ फसलों के लिए संजीवनी का काम किया है। अधिकांश किसानों ने पहले ही खेतों में सोयाबीन, मक्का, धान, तुअर और अन्य खरीफ फसलों की बोवनी कर दी थी, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से बीजों के अंकुरण और फसल की शुरुआती बढ़वार को लेकर चिंता बनी हुई थी। अब लगातार हो रही बारिश से किसानों की उम्मीदें फिर से जाग उठी हैं।

क्षेत्र के कई गांवों में दोपहर बाद हुई मध्यम बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे बोई गई फसलों के अंकुरण की स्थिति बेहतर होने लगी है। किसान सुबह से ही अपने खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं और फसल की बढ़वार को देखकर संतोष जता रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि यह बारिश अच्छी शुरुआत है, लेकिन खरीफ सीजन की सफलता के लिए आने वाले दिनों में नियमित और संतुलित वर्षा बेहद जरूरी है।

किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून की शुरुआत अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। कई स्थानों पर बोवनी के बाद बारिश रुक जाने से खेतों की मिट्टी सूखने लगी थी। इससे दोबारा बुवाई की आशंका भी बढ़ रही थी। अब तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बारिश ने खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचा दी है, जिससे फसलों को नया जीवन मिला है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के बाद खेतों में एक बार फिर चहल-पहल दिखाई देने लगी है। किसान खरपतवार नियंत्रण, खाद डालने और अन्य कृषि कार्यों की तैयारियों में जुट गए हैं। कृषि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि फसल की शुरुआती अवस्था में मिलने वाली यह नमी पौधों के विकास के लिए लाभदायक साबित होगी। यदि आगामी दिनों में भी सामान्य वर्षा होती रही तो इस वर्ष खरीफ उत्पादन बेहतर रहने की संभावना है। बारिश का असर केवल खेती तक ही सीमित नहीं है। तालाबों, छोटे जलाशयों और कुओं में भी पानी की आवक शुरू हो गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं मौसम में ठंडक घुलने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। शहर और गांवों में दोपहर बाद बदलते मौसम का लोगों ने भी आनंद लिया। हालांकि किसानों का कहना है कि अभी राहत अधूरी है। उनका मानना है कि यदि अगले कुछ सप्ताह तक नियमित अंतराल पर अच्छी बारिश होती रही, तभी फसल पूरी तरह सुरक्षित रह सकेगी। लगातार बारिश नहीं होने की स्थिति में उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी। क्षेत्र के किसानों ने उम्मीद जताई है कि इस बार मानसून मेहरबान रहेगा और समय-समय पर अच्छी वर्षा होगी। उनका कहना है कि खेती पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है और समय पर होने वाली बारिश ही उनकी मेहनत को सफल बनाती है। फिलहाल तीन-चार दिनों की बारिश ने किसानों की चिंता को कुछ हद तक कम कर दिया है और खेतों में फिर से उम्मीद की हरियाली दिखाई देने लगी है। अब किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। वे ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि मानसून पूरे सीजन में मेहरबान रहे, ताकि उनकी मेहनत रंग लाए, फसल अच्छी हो और पूरे वर्ष की आर्थिक स्थिति मजबूत बन सके।

### खबर संक्षेप

## जिले में अभी तक 74.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 74.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 103.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 26 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 26 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.6, मोहखेड़ में 7.3, तामिया में 11, चौरई में 15.6, हर्रई में 32.2, परासिया में 4.2, जुन्नारदेव में 15.6 और उमरेठ में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 24, मोहखेड़ में 19, तामिया में 97, अमरवाड़ा में 99.4, चौरई में 44.2, हर्रई में 80.3, बिछुआ में 22.3, परासिया में 35.5, जुन्नारदेव में 50.6, चांद में 159.4 और उमरेठ में 24.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## रोटरी क्लब ने युवाओं को किया प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित

छिंदवाड़ा। सेवा के लिए संकल्पित संस्था रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा इस वर्ष उड़ान थीम पर वर्ष भर सेवा भावी कार्य रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी के नेतृत्व के संपन्न हुए इसी श्रृंखला में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ,रोजगार मुखी शिक्षा पर इस माह अनेकों प्रोजेक्ट किए गए। यूथ मोटिवेशनल प्रोगाम प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा शुक्रवार 26 जून 2026 को बाबा रामदेव नगर स्थित रोटरी भवन में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के युवाओं को मोटिवेशनल स्पीकर एड.मुकेश दीक्षित द्वारा रोजगार मुखी शिक्षा पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही टैली का कोर्स करने के बाद कैसे शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त हो सकते है इसके टिप्स प्रदान किए गए।इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी पूर्व अध्यक्ष रोटे संदीप सिंह चंदेल, रोटे मनोज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल, पी आर ओ रोटे अमित मक्कड़ मोटिवेशनल स्पीकर एड मुकेश दीक्षित,अंबुजा फाउंडेशन के शैलेन्द्र वर्मा, श्रीमती रूपाली राजपूत,श्रीमति श्वेता ठाकुर सहित समस्त ट्रेनीज उपस्थित थे।सभी युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी ने कहा कि आज आवश्यकता है युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहिए।

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

छिन्दवाड़ाः- शहर की विवेकानन्द कॉलोनी निवासी मनोहरलाल नायडू के निधन पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया। नेताद्वय ने कहा कि शासकीय सेवा में रहते हुए और सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उन्होंने समाज को दिशा देने का काम किया। उनका निधन दुख वह सामाजिक तौर पर बड़ी क्षति है। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोहरलाल नायडू ने अपने शिक्षकीय कार्य को पूरी ईमानदारी से पूरा किया। संस्थागत शिक्षा के अलावा उन्होंने बच्चों को अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया, उनके निधन पर समाचार दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारजनों को यह गहन दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोहरलाल नायडू अपनी शासकीय सेवा से जरूर सेवानिवृत्त हुए, लेकिन वे सामाजिक सेवा में सतत रूप से सक्रिय रहते थे। पेंशनरों की आवाज बनें और उनके हक व अधिकार के लिए सबसे आगे रहते थे। उनका निधन एक बड़ी क्षति है, ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जिला कांग्रेस परिवार की ओर से गहन दुख व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## भ्रष्टाचार में गले तक डूबी भ्रष्ट भाजपा व्यवस्था का नतीजा नीट पेपर लीकः- कांग्रेस



छिन्दवाड़ाः- राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में 'नीट' पेपर लीक को लेकर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित वार्ता में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने केन्द्र की भाजपा सरकार को जमकर घेरते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी बातें और दावे करने वाली भाजपा एक परीक्षा भी सही ढंग से आयोजित नहीं करा पाती। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में हुई गड़बड़ियों, पेपर लीक और धांधली के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। इस घोटाले से देश की सबसे भरोसेमंद परीक्षा की साख पूरी तरह खत्म हो गई हैं, जिससे देश के लाखों छात्रों और उनके माता-पिता व अभिभावकों का भरोसा टूटा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार की पहचान पेपर लीक,प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और भ्रष्ट तंत्र से हो रही। बच्चे सालों-साल दिन-रात जागकर कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन मौजूदा परीक्षा सिस्टम में बैठे भ्रष्ट लोगों और अव्यवस्थाओं ने इन होनहार युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। युवाओं के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। देश की शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय होनी चाहिए। परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखना सरकार का काम है, जिसमें वह पूरी तरह से बार-बार फेल हो रही। परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने से पहले ही पेपर का आम लोगों के हाथों में पहुंचना भ्रष्ट तंत्र की सबसे बड़ी निशानी है। पांढुर्ना जिला प्रभारी श्री गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा एक परिवार अपनी पूरी जमापूंजी बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग में लगा देता है। ऐसे में जब पेपर लीक और धांधली की खबरें आती हैं, तो माता-पिता अंदर से टूट जाते हैं और बच्चों में भी भारी निराशा फैल जाती है। जिसके भयावह परिणाम विगत दिनों लगातार सामने आए हैं। कांग्रेस लगातार यह मांग कर रही है कि नीट परीक्षा घोटाले की एक निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। इस धांधली के पीछे जो भी दोषी हैं, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए ताकि भविष्य में कोई दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न कर सके।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न

छिन्दवाड़ाः- कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी अनिल गजभिये एवं शहर अध्यक्ष श्रीमती राशिका बघेल के नेतृत्व में वार्ड क्र. 36 चन्द्रप्रभा लान के पीछे आदर्श नगर कॉलोनी छिंदवाड़ा में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, जिला संगठन महासचिव गुरूचरण खरे, जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, कांग्रेस नेत्री श्रीमती साक्षी चौबे, श्रीमती साधना जंघेला, मीडिया प्रभारी पिंकी ढाकरिया की सहमति से वार्ड क्र. 36 में अंजना टांडेकर को वार्ड अध्यक्ष एवं सपना बिंझाड़ेकर को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

## अवैध शराब के अड्डों पर दबिश, 500 किलो महुआ लाहन नष्ट, दो प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शुक्रवार को कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में पांढुर्णा जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से आबकारी वृत्त पांढुर्णा के ग्राम घोघरी एवं चिरकुटाघोंदी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के लिए पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 500 किलो महुआ लाहन का सैंपल लिया गया तथा शेष महुआ लाहन निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया। उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी श्री अनिकेत पटेल एवं आरक्षक श्रद्धा राहंगडाले उपस्थित रहे।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित को मिली 3 लाख की आर्थिक सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास के बाद सौंसर के एक गंभीर रूप से बीमार मरीज का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सौंसर निवासी भास्कर राव मस्के के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए गंभीर बीमारी की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया एवं गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

जिसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से पीड़ति व्यक्ति के ईलाज के लिए 3 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। उक्त राशि मिलने पर पीड़ति व्यक्ति का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। सहायता राशि मिलने पर बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति एवं उसके परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## उरधन खुली खदान ने रचा नया कीर्तिमान, बिना आग लगे पूरा किया शत-प्रतिशत उत्पादन व डिस्पैच

छिंदवाड़ा। उरधन खुली खदान (ओसीएम) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पूरे वर्ष के दौरान कोयला स्टॉक में आग लगने की एक भी घटना सामने नहीं आई। इससे न केवल उत्पादन प्रभावित होने से बचा, बल्कि कोयले का सुरक्षित एवं समयबद्ध डिस्पैच भी सुनिश्चित किया गया।इस सफलता का श्रेय उरधन खदान के माइन मैनेजर संदीप वाशिंगटन एवं उनकी पूरी टीम को दिया जा रहा है। गत वर्ष पदस्थापना के बाद श्री वाशिंगटन ने अपने अनुभव, प्रभावी प्रबंधन और सतत निगरानी के माध्यम से कोयला स्टॉक में आग लगने जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। उनके नेतृत्व में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया गया, जिससे खदान संचालन अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बना।गौरतलब है कि पूर्व वर्षों में उरधन क्षेत्र में कोयला स्टॉक में आग लगने की घटनाएं सामने आती रही थीं, जिनसे कंपनी को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उत्पादन और डिस्पैच व्यवस्था भी प्रभावित होती थी। इस वर्ष ऐसी किसी भी घटना का न होना खदान प्रबंधन की बेहतर कार्ययोजना और टीमवर्क का परिणाम माना जा रहा है।इस उपलब्धि में क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) का मार्गदर्शन और सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। उनके नेतृत्व में सुरक्षा, उत्पादन और डिस्पैच व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया गया, जिससे निर्धारित लक्ष्य समय पर हासिल किया जा सका।उरधन क्षेत्र की जनता, श्रमिकों और विभिन्न श्रमिक संगठनों ने इस उपलब्धि पर माइन मैनेजर संदीप वाशिंगटन, उनकी पूरी टीम तथा क्षेत्रीय प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास जताया है कि भविष्य में भी सुरक्षित कार्य संस्कृति, बेहतर प्रबंधन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर उरधन खुली खदान नई उपलब्धियां हासिल करती रहेगी।

## भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

महंगाई, बेरोजगारी, किसान विरोधी नीतियों और आदिवासी भाइयों की जमीन खरीद फरोख्त के खिलाफ कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। धरना व आंदोलन के माध्यम से सोई हुई केन्द्र व राज्य की भाजपा नीत सरकार को जगाने का प्रयास किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया एवं छिंदी के तत्वावधान में तामिया बस स्टैंड पर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें किसान, मजदूर, युवा, छात्र, महिलाएं, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के कारण किसान खाद, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है तथा बेरोजगारी और आर्थिक संकट से युवा वर्ग भी प्रभावित हो रहा है। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तामिया विकासखण्ड सहित देश एवं प्रदेश से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

## खनिज विभाग की कार्रवाई, अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### खनिज विभाग के दल ने शोभना नदी के पास पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर लगाम लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सख्त निर्देशों के पालन में खनिज विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान अवैध रेत ले जाते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।खनिज विभाग के दल ने सौंसर तहसील के ग्राम बिछुआबग्गु और उटेकाटा क्षेत्र की शोभना नदी के पास निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने खनिज रेत का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्रमांक एमपी 28 ए.सी8158 एवं एमपी 28 ए.डी2567) को रंगे हाथों पकड़ा। खनिज नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग ने दोनों वाहनों को रेत सहित जब्त कर लिया है।जब्त किए गए वाहनों को कार्रवाई के बाद सौंसर पुलिस थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। विभाग ने इस संबंध में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, नियमानुसार जुर्माना राशि अधिरोपित करने के लिए इस पूरे प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय, पांढुर्णा के समक्ष पेश किया जाएगा, जहाँ से आगे की वैधानिक कार्रवाई तय की जाएगी।इस कार्रवाई के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे खनिज विभाग का पूरा अमला उपस्थित रहा।

## मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल का शुभारंभ, शिक्षा में जुड़ा नया अध्याय

### एयर शो, बारिश और हजारों लोगों की मौजूदगी के बीच अत्याधुनिक परिसर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





संतरांचल सौसर के शिक्षा जगत में अब ओर एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। मिडास एडु सिटी के साथ ही 'मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल' के नए और अत्याधुनिक परिसर का भव्य उद्घाटन समारोह हाल ही में संपन्न हुआ है। यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि छात्रों के सपनों और भविष्य को नई दिशा देने वाला एक अभिनव मंच बनकर उभरा है। ग्राम जाम में आयोजित समारोह की शुरुआत एक रोमांचक एयर शो के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान हुई मूसलाधार बारिश भी आयोजकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। बारिश के बीच आयोजित इस भव्य समारोह ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। शुभारंभ के पूर्व पांच दिनों तक चल विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान हजारों बच्चों ने खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताएं,गीत, संगीत,सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, प्रतियोगिताओं आदि का भरपूर आनंद लेने के साथ भविष्य के सपनों को सार्वजनिक रूप से साझा किया। उद्घाटन अवसर पर हजारों की संख्या में लोगो ने शिरकत की, जो अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल, विशेष रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। इस दौरान पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के द्वारा बच्चों के प्रगति को लेकर मार्गदर्शन दिया।विद्यालय प्रबंधन प्रमुख विकास सिंग, किशन सिंग ने आयोजन के शुभारंभ अवसर पर बच्चों एवं बालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा और संस्था का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर, उनके कौशल और रुचि के अनुरूप विकसित करना है। स्कूल की विशेषताओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया मिडास एडु सिटी में छात्रों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराने के लिए अत्याधुनिक ए रोबोटिक्स लेब की स्थापना की गई है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास, स्टेज फियर को दूर करने और अपनी रचनात्मकता व विचारों को खुलकर प्रस्तुत करने के लिए एक विशेष मंच तैयार किया गया है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, नवाचार और स्किल-बेस्ड लर्निंग पर विशेष जोर दिया जाएगा।मिडास एडु सिटी में शिक्षा अब मात्र अंकों का खेल नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का एक सशक्त माध्यम बनेगी। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में सौसर के अलावा अन्य जिलों से बच्चों पालकों ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

### आज पूर्णाहुति के साथ होगा भंडारे आ आयोजन, श्रद्धालुओं का उमड़ेगी भीड़

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सुंदर देवरे नगर छिंदवाड़ा में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के लाडले और संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने वहां पहुंचकर पूजन अर्चन की, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण के साथ मात्रशक्ति भी उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि वार्ड नंबर 40 सुंदर देवरे नगर में स्थित श्री सिद्धेश्वर मारुति महाकाल मंदिर में जन कल्याण समिति द्वारा 25 जून से 27 जून तक त्रिदिवसीय श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। पार्षद नगर निगम सभापति चंद्रभान देवरे ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन 27 जून दिन शनिवार को शाम 5 बजे से किया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने पहुंचकर सांसद निधि द्वारा तीन लाख रुपए की प्रोफाइल शीट लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ बालाजी देवरे एवं समिति द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मिलिंद नवघरे, शरद बेन्डे ,श्री डेहरिया सहित समिति के अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 41 के पार्षद नगर निगम सभापति चंद्रभान देवरे उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद के साथ चंदू जैन एवं अरविंद राजपूत का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्य पंडित नंदकिशोर शास्त्री एवं पंडित विनोद शर्मा के द्वारा पूजन पाठ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न कराया जा रहा है।

**The Court Of V District and Additional Sessions Judge, District Court, Chhindwara**
**Presiding Officer**: श्री अभिषेक नागराज
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MCA/0000054/2023)
चंद्रमोहन भारती..........वादी
Vs रमेश भारती..........प्रतिवादी
TALWANA-ID-NO-2405/2026
Process Id-/2026 पेशी दिनांक: 30/06/2026
प्रेषिती-(1) मालती किरार पति बलीराम किरार पता-ग्राम खैरडी रोड सौंसर तहसील सौंसर जिला पांढुर्णा म०प्र०
यह कि प्रार्थी चंद्रमोहन भारती ने आपके विरुद्ध प्र०क्र 0-54/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
अभिषेक नागराज
पंचम जिला न्यायाधीश छिंदवाड़ा (म.प्र.)

# कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व, ताजिए और सवारियां निकलीं

## अमन और शांति की मांगी गई दुआएं, जुलूस में शामिल हुए बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने मोहर्रम का पर्व पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया। मोहर्रम की 10वीं तारीख पर शुक्रवार को परासिया, चांदामेटा, बड़कुही, न्यूटन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों इकलहरा, उमरेठ, रावनवाड़ा और शिवपुरी में ताजिए एवं सवारियां निकाली गई। इस अवसर पर लोगों ने घरों और मस्जिदों में नमाज अदा कर दुआ-ए-आशूरा पढ़कर देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर लंगर एवं शरबत का वितरण किया गया। ताजियों के जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लोगों ने ताजियों और सवारियों पर नारियल, सिरनी एवं अन्य सामग्री अकीदत के साथ पेश की। मुस्लिम समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी जुलूस और कर्बला में पहुंचकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की, जिससे आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। परासिया क्षेत्र में न्यूटन तथा छिंदा स्थित पेंच नदी घाट पर कर्बला की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्थानीय प्रशासन की निगरानी में ताजियों का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। न्यूटन के पेंच नदी घाट पर रोजेदारों के लिए इफ्तार की भी व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा सभी धर्मों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संजय बने मध्यप्रदेश मेहरा डेहरिया समाज के प्रदेश प्रवक्ता समाज ने जताई खुशी



**जुन्नारदेव।** मेहरा डेहरिया समाज समिति भोपाल से संयोजक बृजेश वट, प्रदेश अध्यक्ष जागेश्वर सुरजे, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शोभा विसेन्द्रे, अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष सुनीता बम्हनीय की अनुशंसा से जुन्नारदेव के समर्पित और कर्मठ समाजसेवी संजय डेहरिया को मध्यप्रदेश मेहरा डेहरिया समाज द्वारा प्रदेश प्रवक्ता के गरिमामय पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जुन्नारदेव सहित पूरे प्रदेश भर के सामाजिक बंधुओं में हर्ष का माहौल है। संजय डेहरिया लंबे समय से समाज की सेवा में अग्रणी रहे हैं। वे इससे पूर्व जिला समिति में दो बार जिला उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं। अपनी कार्यशैली, स्पष्टवादिता और संगठन को मजबूती प्रदान करने की क्षमता के चलते समाज के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर यह नई जिम्मेदारी सौंपी है।उनकी नियुक्ति पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि संजय डेहरिया का जमीनी जुड़ाव और उनकी ओजस्वी वाणी समाज के विचारों को प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से रखने में सहायक सिद्ध होगी। समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण को देखते हुए यह पद उन्हें उनकी मेहनत का प्रतिफल मिला है। संजय की इस नियुक्ति पर बधाई प्रेषित करने वालों में लोकेश डेहरिया जिला अध्यक्ष, गोपाल डेहरिया अतिरिक्त जिला अध्यक्ष, शिव नारायण डेहरिया पूर्व जिला अध्यक्ष, ललित डेहरिया जिला उपाध्यक्ष, दिनेश डेहरिया, सारिका डेहरिया अतिरिक्त अध्यक्ष जिला महिला प्रकोष्ठ ,रैना हारले जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ,दरोगी डेहरिया, रामबालक डेहरिया,देवचंद डेहरिया, सचिन डेहरिया,चन्द्रसिंह बिहारे, सुरेश डेहरिया, विनोद डेहरिया,दीपक बचलिया आदि मौजूद रहे।

# खोखला सूखा पेड़ दे रहा हादसे को न्यौता, मुख्य सड़क एवं वार्ड वासी के घर पर गिर सकता है पेड़



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 आंगनवाड़ी भवन के पास मधु वंदेवार के घर के सामने खोखला सुख आम का पेड़ गिरने की कगार पर है इस पेड़ के गिरने से जहां एक और मधु बंदेवार का घर क्षतिग्रस्त होगा वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की मुख्य लाइन भी इससे क्षतिग्रस्त होगी वार्ड वासी वंदेबार परिवार ने इस खोखले सूखे हुए झाड़ को हटाए जाने हेतु खेत मालिक एवं वार्ड पार्षद से निवेदन किया था, किंतु महीनों बीत जाने के बाद भी झाड़ को नहीं हटाया गया है यह झाड़ मुख्य सड़क के किनारे है, यदि बारिश के दौरान आवागमन के समय झाड़ गिर जाता है तो निश्चित ही वार्ड वासियों अथवा नगर वासियों के साथ दुर्घटना घटित हो सकती है। वंदेबार परिवार सहित वार्ड क्रमांक 2 के रहवासियों ने शासन प्रशासन से शीघ्र ही इस खोखले सूखे हुए आम के पेड़ को हटाए जाने की मांग की है।

# सौंसर-मोहगांवहवेली में मनाया मोहर्रम पर्व, क्षेत्र में कर्बला के शहीदों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के साथ मोहगांव हवेली ओर लोधिखेड़ा में मोहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा, अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां पारंपरिक सवारी' आकर्षण का केंद्र रही, वहीं मोहर्रम के गहरे धार्मिक महत्व ने इस आयोजन को और भी गरिमापूर्ण बना दिया।मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है, जिसे इस्लाम में बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है। यह पर्व इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके साथियों द्वारा कर्बला के मैदान में दी गई महान शहादत की याद में मनाया जाता है। इमाम हुसैन ने सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।क्षेत्र और नगर में इस पर्व का मुख्य आकर्षण वर्षों पुरानी 'फ़रींद की सवारी' रही। यह परंपरा मोहगांव हवेली की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। आयोजन की शुरुआत घरों में विशेष पूजा-अर्चना और दुआओं के साथ हुई। रात के समय नगर भ्रमण पर निकली ओर बाबा दरबार और हसन-हुसैन की याद में बनाए गए विभिन्न स्थानों के साथ-साथ पूर्वजों की समाधियों तक पहुंची। सवारी के दौरान विभिन्न धर्मों के लोग शामिल हुए।

# पर्यावरण प्रेमियों ने लगाया एक पेड़ माँ के नाम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण



**छिंदवाड़ा** - नगर पालिका निगम महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी. पी. राय के कुशल निर्देशन में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान अनवरत रूप से जारी है, जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर धरम टेकड़ी में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अधिकारी एम. पी. तिवारी को पौधा भेंटकर किया गया पश्चात स्वाभिमान जनकल्याण समिति के साथ नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियंस अलका नीरज शुक्ला, डॉ. मीरा पराड़कर, रविन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ. महेश वंदेवार के साथ देव पाठक सहित समाज सेवी सपना सोनी, अंगूरी मस्कुले, आयशा लोधी सम्मिलित हुई ओर सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को स्वच्छता सहित पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई, वहीं कपड़े की थैली मेरी सहेली के अंतर्गत श्री तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं स्टाफ द्वारा सभी को जूट की थैली भेंट की गई। सफल आयोजन में सहयोग के लिए डॉ. मीरा पराड़कर ने सभी स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# नशा नाश की जड़ है युवा इससे बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नशे का सेवन कर नशेड़ी ना बने छिंदवाड़ा समाज मे नशाखोरी की विक्रति मे बढ़ोत्तरी मे कमी लाने के लिए स्थानीय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित मातृसेवा संघ द्वारा नशा मुक्ति केंद्र छिंदवाड़ा के तत्वावधान मे अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर नशा मुक्ति केन्द्र के डारेक्टर राकेश शर्मा ने बताया की आयोजन का मुख्य उद्वेश्य सामुदायिक भागीदारी को बढाना ओर नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा मे सामुहिक प्रयासो को मजबूत कर नशा मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करना हे , इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षक श्यामल राव ने कहा कि नशा नाश की जड़ हे नशे के सेवन से बचकर पोषण आहार का सेवन करने के लिए लोगो को प्रेरित करे ।भारत युवाओ का देश है यदि युवा ही नशे की चपेट मे आ जाए तो देश का भविष्य कमजोर हो जायेगा, नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। वही किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक पदार्थ या नशीली दवाओं स्वापक मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय-विक्रय ,उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक या व्यक्ति को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है,। जिसकी सजा अल्पमात्रा एवं वाणिज्य मात्रा मे 6 से 20 वर्ष की सजा और जुर्माना हो सकता है ,ओर बताया की लोगो को मादक पदार्थों की गलत तरीको से क्रय विक्रय से दूर रखने के लिए उपस्थित लोगो से कहा।

# लाखों की सड़क या भ्रष्टाचार की बुनियाद? निर्माण शुरू होते ही दरकी सड़क ने खोली पीडब्ल्यूडी की पोल

## लांजी के नीमटोला नहर से थानेगांव मार्ग पर घटिया निर्माण का आरोप, ठेकेदार पर मेहरबान अफसरों की चुप्पी सवालों के घेरे में



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की लांजी तहसील के नीमटोला नहर से थानेगांव तक बन रही 1.80 किलोमीटर लंबी सड़क अब निर्माण से ज्यादा विवादों के कारण चर्चा में है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ठेकेदार टी.बी.एस. इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, गोंदिया द्वारा लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलेआम गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर तमाशा देख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टेंडर शर्तों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य कांक्रीट फेवर मशीन से किया जाना था, लेकिन अब नियमों को दरकिनार कर हाथों से निर्माण कराया जा रहा है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी कर लागत बचाने और गुणवत्ता गिराने का खेल खेला जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में न तो पर्याप्त तराई की जा रही है और न ही मानक अनुसार सीमेंट का उपयोग हो रहा है। नतीजा यह है कि सड़क बनते-बनते ही जगह-जगह दरारें पडऩे लगी हैं। कई हिस्सों में कांक्रीट क्रैक हो चुका है और सड़क की ऊपरी परत उखडऩे लगी है। यह स्थिति साफ बता रही है कि निर्माण कार्य किस स्तर का हो रहा है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क की हालत शुरुआत में ही जवाब देने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी यह हाल है तो बारिश के बाद सड़क का अस्तित्व बचना भी मुश्किल दिख रहा है।

इस मामले में पहले भी थानेगांव सरपंच और पूर्व जनपद सदस्य अमित घोंगड़े द्वारा निर्माण कार्य की शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है। एसडीओ एस.आर. नेवारे ने भी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए मामला इंजीनियर प्रवीण कुमार पर डाल दिया। वहीं पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री बी.एस. अडमे का रवैया भी सवालों में है। आरोप है कि वे शिकायतों और जरूरी मामलों में फोन तक रिसीव नहीं करते। यह पहली बार नहीं, बल्कि कई बार ऐसी स्थिति सामने आ चुकी है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या जनता के टैक्स का पैसा इसी तरह घटिया निर्माण की भेंट चढ़ता रहेगा, या जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदार पर कार्रवाई होगी? फिलहाल सड़क से ज्यादा विभाग की कार्यप्रणाली कटघरे में खड़ी नजर आ रही है।

## क्षेत्र की दर्जनों महिला रसोईयों ने विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन

# महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली भाजपा ने बहनों का छीन लिया रोजगार - विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने के कार्य में कार्यरत विभिन्न स्व सहायता समूहो की महिला रसोईयों को बिना सूचना के काम से निकालने के बालाघाट जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ के आदेश का स्वसहायता समूहों द्वारा विरोध शुरु कर दिया गया है। रसोईयों को काम से बंद करने को लेकर शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों रसोईयो ने विधायक विवेक विक्की पटेल के जनसंपर्क कार्यालय में पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौंप कर काम से बंद होने वाली रसोईयों को वापस स्कूल में रखवाने की मांग की। इस दौरान ज्योतिकला पटले, राजेश्वरी बोपचे, माधुरी अवधिया,जसवंता पटले, महमूद मिसा अली,जुलेखा खान,पूर्णिमा सोनवाने, आवेदा बी,पुष्पा भोयर, नीला शेन्दे,कला कुंजाम, श्यामवती पजराहे,माधुरी वघाड़े,कमलाबाई राहंगडाले, बारुला बाई परते,नीलावती भेरम,खेलनबाई नागोसे, श्यामा देशमुख सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

माध्यमिक शाला का संचालन करने वाली समूह की सचिव शोभा पटले ने बताया कि माध्यमिक शाला में कार्यरत रसोईयों को काम से बंद करने का नोटिस जारी हुआ है। जहा कार्यरत है, वहां से एक-एक रसोईयों को बंद कर रहे है। जब बंद ही करना है। तो सभी जगहों से सभी रसोईयों को बंद करे।किसी एक को बंद करके उसका रोजगार छीना जा रहा है। बंद करने का कारण बच्चों की संख्या कम होना बता रहे है और नोटिस भी हमे लिखित में नहीं मिला है। नोटिस मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप में स्कूल के प्रधान पाठक के पास भेजा जा रहा है। हमने जब प्रधान पाठक से पूछे, तो वह कहते है कि जिला सीईओ द्वारा नोटिस भेजा गया है।जिन रसोईयों को बंद किया गया है। अगर उन्हें वापस नहीं लिया जाता, तो वर्तमान में जो रसोईया कार्यरत है, कोई भी स्कूल में खाना बनाने नहीं जायेगा।

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हमारी माता, बहने मेहनत करके स्कूलों में समूह के माध्यम से भोजन बनाने का कार्य करती है।महिलाओ ने बताया कि बच्चों की कम संख्या का बहाना बताकर उन्हें बिना नोटिस मिले ही निकाला जा रहा है। भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है। ये सिर्फ उनके भाषणों में ही दिखाई देता है।

# बौद्ध विहारों में किया एक दिवसीय शांतिप्रिय धरना प्रदर्शन



## महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी और कटंगी तहसील क्षेत्र के तमाम बौद्ध विहारों में 26 जून शुक्रवार को पूरा दिन बौद्ध अनुयाईयों ने एक दिवसीय शांतिप्रिय धरना प्रदर्शन किया। महाबोधि महाविहार बोधगया के प्रबंधन को लेकर देशभर में उठ रही मांग के बीच दोनों ही तहसील क्षेत्र के गांव-गांव में स्थापित बौद्ध विहारों में शांतिप्रिय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे गए। कटंगी तहसील की ग्राम पंचायत सेलवा के बौद्ध विहार में महिलाओं ने धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किया। तिरोड़ी में जिला बौद्ध संघ, सुगत बौद्ध विहार और ऑल इंडिया समता सैनिक दल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित हुआ। यहां शाम साढ़े 04 बजे नायब तहसीलदार पी.एल. शांडिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बौद्ध अनुयाईयों ने बोधगया मंbदिर अधिनियम 1949 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13, 14, 15, 25, 26, 29, 49 और 51 क का उल्लंघन बताया है। ज्ञापन में कहा गया कि महाबोधि महाविहार वह पवित्र स्थान है जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित है और समस्त विश्व के बौद्धों के लिए सर्वोच्च तीर्थ स्थल है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 के तहत महाबोधि महाविहार के प्रबंधन की जिम्मेदारी बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति को सौंपी गई है। इस 9 सदस्यीय समिति की मौजूदा व्यवस्था के कारण बौद्ध समुदाय को अपने सबसे पवित्र स्थान पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त नहीं है, जो सरासर अन्याय है।

संविधान के इन अनुच्छेदों के उल्लंघन का आरोप-

ज्ञापन में अधिनियम को संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध बताया गया। बौद्ध अनुयाईयों ने कहा कि अनुच्छेद 13 मौलिक अधिकारों का पहरी है। अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार अन्य धार्मिक समुदायों जैसे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के प्रमुख तीर्थों का प्रबंधन उसी समुदाय के हाथों में है, जबकि बौद्धों के सर्वोच्च तीर्थ स्थल का प्रबंधन बहुसंख्यक हिन्दू प्रभाव वाली समिति के अधीन है। यह स्पष्ट भेदभाव है। अनुच्छेद 15 धर्म के आधार पर भेदभाव का निषेध बौद्ध धर्म एक स्वतंत्र धर्म है और इस स्थान की बौद्ध पहचान को हिन्दू बाहुल्य प्रशासन के माध्यम से प्रभावित किया जा रहा है। अनुच्छेद 25 धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार बौद्धों को अपने पवित्र स्थल के प्रबंधन से वंचित रखना उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है। अनुच्छेद 26 धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता बौद्ध समुदाय को अपने धार्मिक संस्थान को स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अधिकार मिलना चाहिए। अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यक समुदायों की संस्कृति की रक्षा महाबोधि महाविहार मंदिर बौद्ध संस्कृति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है।

# मौत को न्योता देता गड्ढा: नगर परिषद की लापरवाही से लांजी-बालाघाट मार्ग बना हादसों का अड्डा

## हाउबाग टर्निंग पर सड़क किनारे धंसी सड़क, जिम्मेदारों की चुप्पी ने बढ़ाया खतरा, बारिश में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी की आधी-अधूरी योजना और लापरवाह कार्यशैली अब सीधे लोगों की जान पर बन आई है। लांजी से बालाघाट मार्ग पर नगर परिषद द्वारा बनाए गए डिवाइडर के पास हाउबाग टर्निंग पर सड़क किनारे बड़ा गड्ढा उभर आया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। सड़क के किनारे बना यह गड्ढा किसी भी वक्त बड़े हादसे की वजह बन सकता है। यह मार्ग लांजी का बेहद व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां दिनभर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऊपर से टर्निंग के पास गड्ढा होना खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। वाहन चालक जरा-सी चूक करें तो सीधे हादसे का शिकार हो सकते हैं।

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और लगातार बारिश के कारण यह गड्ढा और भी बड़ा हो सकता है। सड़क किनारे मिट्टी कटने से पूरी सड़क धंसने का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या की जानकारी नगर परिषद तक पहुंचाई गई, लेकिन जिम्मेदारों ने सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नगर परिषद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? क्या किसी निर्दोष की जान जाने के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी?

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और लगातार बारिश के कारण यह गड्ढा और भी बड़ा हो सकता है। सड़क किनारे मिट्टी कटने से पूरी सड़क धंसने का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या की जानकारी नगर परिषद तक पहुंचाई गई, लेकिन जिम्मेदारों ने सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नगर परिषद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? क्या किसी निर्दोष की जान जाने के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी?

स्थानीय नागरिकों में नगर परिषद के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि यह गड्ढा एकमात्र गड्ढा नही है और कई स्थानो पर सड़को पर गड्ढे हो गये है जो हादसो को न्यौता दे रहा है। लोगों का साफ कहना है कि करोड़ों रुपये विकास कार्यो पर खर्च होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो यह गड्ढा आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।

### इनका कहना है

पुरानी पाईपलाईक की वहज से कुछ दिक्कत आ रही है, शीघ्र ही यहां खुदवा के कांक्रीट डलवाया जायेगा और पीचिंग करवा दिया जायेगा ताकि कोई हादसा ना हो।

# योग और कानूनी जागरूकता का अनूठा संगम -न्यायाधीश

**वारासिवनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती द्वारा व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में विशेष योग एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में न्यायाधीश कमलेश मीणा- प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित योग शिक्षक एवं अधिवक्ता संतोष लिल्हारे के मार्गदर्शन में योग करवाया गया।

## खबर संक्षेप



### एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव से सौजन्य भेंट कर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समाज के कार्यक्रम की जानकारी दी एवं फोरलेन परियोजना पर जताया आभार जिला यादव महासभा, सिवनी के प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश शासन के एम.डी.,एमपीआरडीसी एवं समाज के गौरव यादव से उनके भोपाल स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने 24 मई 2026 को सिवनी में आयोजित जिला सम्मेलन एवं आदर्श युवक-युवती परिचय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की सफलता से अवगत कराया तथा उन्हें सम्मानित कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भेंट के दौरान जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव,पूर्व पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुभाष यादव,कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव एवं सुरेंद्र जैन उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय सिवनी में नित्य नारायण सेवा के एक वर्ष पूर्ण

कान्हीवाडा श्री सत्य साई सेवा समिति जिला सिवनी कान्हीवाडा द्वारा 29 जून 2025 से लगातार चल रही नित्य नारायण सेवा जो जिला चिकित्सालय सिवनी में अनवरत जारी है जिसके एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं इस एक साल के दौरान जरूरतमंदों को 43303 फुड पैकेट बांटे गए जिसमें 23288 परिवारों ने तैयारकर सेवा रुपी पुष्प के समर्पित किया। जिसे 2609 पुरुष सेवा दल एवं 279 महिला सेवा दल के अपने कर कमलों से बड़े प्रेम से लोगों को वितरित किया। भगवान की कृपा से यह योजना आगे भी चलती रहेगी। वार्षिक कार्य क्रम में प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं उपस्थित जन समूह ने इस योजना की भूरि भूरि प्रसंशा की।



### डॉ. श्रीकांत नामदेव को पीएच.डी. की उपाधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 36वें दीक्षांत समारोह में डॉ. श्रीकांत नामदेव को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति, मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा तथा मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के करकमलों से डॉ. श्रीकांत नामदेव को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया।

डॉ. नामदेव ने आर्थिक विकास में कृषि आधारित उद्योगों का योगदान सिवनी एवं बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ मे विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया।

# केरल जा रहे मजदूरों से भरी ओवर लोड तूफान गाड़ी घर में घुसी, तीन मजदूरों की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

जिले के जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कुरई थाना क्षेत्र के पचधार हाईवे के पास सुबह करीब 4 बजे मजदूरों से भरी एक ओवरलोड तूफान (गामा) गाड़ी अनियंत्रित होकर फोरलेन पार करते हुए सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसी। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडला और डिंडोरी जिलों से 29 मजदूरों को लेकर रोजगार के लिए केरल जा रहा था। वाहन में 12 पुरुष, 12 महिलाएं और 5 बच्चे सवार थे। क्षमता से अधिक सवारियां होने के कारण वाहन पूरी तरह ओवरलोड था।



### नींद की झपकी बनी हादसे की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नागपुर की ओर जा रहे वाहन के चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर अपनी लेन से निकलकर दूसरी लेन में पहुंच गया और फोरलेन पार करते हुए हाईवे किनारे स्थित एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसा। गनीमत रही कि मकान में मौजूद लोगों को कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

### पुलिस और प्रशासन ने तुरंत संभाला मोर्चा

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एफआरवी-06 खवासा टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से पहले कुरई अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया।

### एक की मौके पर, दो की अस्पताल में मौत

एसडीओपी बरघाट ललित गठरे ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में एक मजदूर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल मजदूरों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस प्रकार इस भीषण सड़क दुर्घटना में कुल तीन मजदूरों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर एवं खतरे से बाहर है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

# नाली खोदी, सड़क खोदी, वार्ड-7 में विकास कार्य बना मुसीबत का सबब

### 15 दिन से अधूरी पाइपलाइन, जलभराव और मच्छरों से त्रस्त रहवासी; जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल



**घंसौर /** विकास के नाम पर शुरू किए गए निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार ने वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। विनय शास्त्री के निवास के सामने एलएनटी कंपनी द्वारा करीब पंद्रह से बीस दिन पूर्व पाइपलाइन डालने के लिए सडक की खुदाई की गई थी, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से पूरा क्षेत्र अब परेशानी का केंद्र बन गया है।

खुदाई के बाद निर्माण कार्य ठप पड़ जाने से सडक पर गंदा पानी जमा हो गया है। जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर हालात ऐसे हैं कि सडक और नाली का अंतर तक समझ में नहीं आता।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अधूरी पड़ी नाली और पाइपलाइन के कारण क्षेत्र में गंदगी लगातार बढ़ रही है। जमा पानी मच्छरों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुका है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और अधिक भयावह रूप ले सकती है।

रहवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो निर्माण कार्य में गति आई और न ही जलनिकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरे पड़े निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि विकास कार्य तभी सार्थक कहलाएंगे जब वे जनता को राहत दें, न कि उन्हें रोज नई परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर करें।

# महिला कांग्रेस के सदस्यों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विशेष बैठक संपन्न की



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में बडी संख्या में उपस्थित महिला कांग्रेस के सदस्यों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महिला कांग्रेस की सिवनी जिले की संगठन प्रभारी की विशेष उपस्थिति जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला महिला कांग्रेस संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने बैठक को सम्बोधित किया, उन्होंने कहा कि सिवनी जिले में कांग्रेस पार्टी की मातृशक्ति संगठन को मजबूत बनाने हेतु हम सब को संगठित प्रयास करने होंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच है कि देश में मात्र संगठन मजबूत हो इसके लिए हमें सतत प्रयास करना होगा। छिन्दवाड़ा से सिवनी पंहुची महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी श्रीमती किरण चौधरी ने बैठक में उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोगो को जिले में मजबूत संगठन बनाने के लिए प्रणप्राण से जुट जाना है उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा महिलाओं को मानसम्मान एवं नेतृत्व का अधिकार प्राप्त हुआ है।

बैठक में महिला कांग्रेस की उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने सुझाव प्रभारी के समक्ष रखें। महिला कांग्रेस की इस बैठक में श्रीमती आशा सनोडिया, श्रीमती गीता ठाकुर, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती मनीषा पाल, श्रीमती कविता कहार, श्रीमती सुयोगिता सक्सेना, श्रीमती संगीता ठाकुर, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती निभा गेडाम, श्रीमती नीतिका सिंह बैस, श्रीमती किरण कौरेती, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती रेश्मा पुसाम, श्रीमती दुर्गेश उइके, श्रीमती शबनम खान, श्रीमती ज्ञानता बोरकर, श्रीमती रोशनी उइके, श्रीमती उर्मिला पटले, श्रीमती कुसमा बाई यादव, श्रीमती सकुन बाई, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती पूजा वासनिक सहित बडी संख्या में महिला कांग्रेस सदस्यों की उपस्थिति रही।

# शांति एवं भाईचारे के साथ मनाया गया मोहर्रम का पर्व, थांवरी खास में निकली ताजिया सवारी, हफीज बाबा दरबार में हुआ तबर्रुक लंगर

**धनोरा/सिवनी।** सिवनी जिले में मोहर्रम का पर्व पूरे जिले में शांति, सौहार्द और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। धनोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम थांवरी खास में स्थित हफीज बाबा दरबार पर मोहर्रम के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए जायरीन भी शामिल हुए।

हफीज बाबा दरबार में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तबर्रुक (लंगर) की विशेष व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से लंगर ग्रहण किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इसके बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ताजिया सवारी पूरे गांव में निकाली गई। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धार्मिक नारों और मातमी रस्मों के बीच ताजिया गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकला और पुनः हफीज बाबा दरबार पहुंचा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और अनुशासन देखने को मिला। दरबार पहुंचने के बाद बाहर से आए जायरीन एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने हफीज बाबा के साथ धार्मिक परंपरा के अनुसार दरियाह स्नान किया। इसके पश्चात सभी ने हफीज बाबा की दरगाह पर पहुंचकर देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं आपसी भाईचारे की दुआ मांगी तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।



पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मोहर्रम के इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की।

# एसडीओपी सचिन परते के निर्देशन में कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 21 लोगों के काटे चालान



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसडीओपी सचिन परते के निर्देशन एवं थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बारापत्थर स्थित नटराज पैलेस के बाजू में संचालित शराब दुकान के बाहर सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर जांच कर 21 व्यक्तियों के चालान बनाए और उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन नहीं करने की हिदायत दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना कानून का उल्लंघन है तथा इससे शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करें और शहर में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें

### सडक दुर्घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल

**सिवनी/बाघराज :** जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित बाघराज के पास एक सडक दुर्घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से तेज गति से आ रहे एक सवारी मेक्स वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक एमपी 22 एमई 8759 पर सवार प्रशांत मसखरे (उम्र लगभग 50 वर्ष), पिता प्रेमलाल मसखरे, निवासी धोबीसर्रा दरासी खुर्द स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वे प्रतिदिन की तरह विद्यालय की छुट्टी के बाद सिवनी स्थित अपने निवास लौट रहे थे। इसी दौरान बाघराज के पास पीछे से आए मेक्स वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों तथा पीछे से आ रहे अन्य राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल सिवनी पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# बादलपार में तड़ित प्रहार से पशुपालक को करीब एक लाख रुपये का नुकसान, प्रशासन से सहायता की मांग

**सिवनी/बादलपार : कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले चौकी क्षेत्र के ग्राम बादलपार में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना से पशुपालक किसान को लगभग एक लाख रुपये के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बादलपार निवासी डाली राम राठौर (40 वर्ष) के पास पांच भैंसें हैं। गुरुवार 25 जून को उनका पुत्र मुकेश भैंसों को चराने के लिए खेत लेकर गया था। दोपहर करीब 1:30 बजे जब वह भैंसों को वापस घर ला रहा था, तभी भीमल टेकरी स्थित रफीक के घर के पास बिजली के खंभे के समीप अचानक तेज गडग़ड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली गिरते ही दो भैंसें जमीन पर गिर पड़ीं। परिजनों एवं ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी बादलपार ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृत भैंस का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सालय कुरई में कराया गया है।

चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी की प्रारंभिक जांच में भैंस की मौत आकाशीय बिजली गिरने से होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही की जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित पशुपालक को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

छपारा में तीन दिनों तक बहेगी सत्संग की सरिता..

# हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट दिवस...

हरिभूमि न्यूज ⏩ छपारा।

सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय विराट सत्संग समारोह का आयोजन सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनांक 27 जून शनिवार से 29 जून सोमवार तक सदगुरु कबीर धाम आचार्य पीठ सागर के 10 वे आचार्य श्री श्री 108 प्रातः स्मरणीय श्री रामजीवन शास्त्री साहेब जी के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा। विदित हो कि यह सत्संग समारोह सन 2004 से अनवरत जारी है। कार्यक्रम का आयोजन नवनिर्मित सदगुरु कबीर सत्संग भवन से होगा जो मां बैनगंगा के पावन तट पर गोल्डन टेंपल के सामने स्थित है । आयोजन समिति ,कबीर सैनिक संघ एवं महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

दिनांक 26 जून दिन शुक्रवार को पूज्य आचार्य श्री का छपारा नगर आगमन हुआ। आज दिनांक 27 जून 2026 दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे श्री श्रीचंद अवधियाके घर से पूज्य आचार्य श्री का गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल में पदार्पण होगा। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री के कर कमलों से झंडा वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात कबीर दर्शन पर चिंतन सत्संग एवं भोजन होगा । दोपहर 2 बजे से भजन गान प्रवचन, सत्संग। रात्रि 8 बजे से संध्या पाठ,भोजन एवं भजन संध्या ।दिनांक 28 जून 2026 दिन रविवार को प्रातः 8:00 बजे से गुरु महिमा पाठ, भजन गान ,प्रातः 10 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री एवं बाहर से पधारे संतों द्वारा कबीर दर्शन पर सत्संग होगा। मुख्य आकर्षण के रूप में सायं 4 बजे से सत्येश्वर सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा (सद्भावना रैली) नगर में निकाली जाएगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान बना वरदान, कुएँ के गहरीकरण से खापा गाँव में दूर हुई पेयजल समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत छपारा की ग्राम पंचायत बिलक्टा के ग्राम खापा में किए गए कुएँ के गहरीकरण एवं सफाई कार्य ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान कर दिया है। इस पहल से वार्ड क्रमांक 17 के लगभग 100 परिवारों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

गर्मी के मौसम में खापा गाँव के ग्रामीण गंभीर जल संकट से जूझ रहे थे। गाँव का मुख्य कुआँ गाद, मिट्टी और कचरे से भर जाने के कारण उसकी जलधारण क्षमता कम हो गई थी तथा उपलब्ध पानी भी उपयोग योग्य नहीं रह गया था। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पेयजल के लिए दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुएँ के गहरीकरण एवं सफाई का कार्य कराया। कार्य के दौरान वर्षों से जमा गाद और कचरे को हटाया गया, कुएँ की दीवारों की मरम्मत की गई तथा उसकी गहराई बढ़ाई गई। इस अभियान में ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्य पूर्ण होने के बाद कुएँ में स्वच्छ जल का पर्याप्त संग्रह होने लगा। भूजल स्तर तक बेहतर पहुँच बनने से जल उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्तमान में इसी कुएँ के जल को नल-जल योजना के माध्यम से घर-घर पहुँचाया जा रहा है, जिससे पूरे गाँव को नियमित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 100 परिवारों को वर्षभर पेयजल मिलने लगा है तथा गाँव की पेयजल समस्या का प्रभावी समाधान हो गया है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे उनके समय और श्रम की बचत हुई है। अब वे अपना समय शिक्षा, घरेलू कार्यों और अन्य उत्पादक गतिविधियों में लगा पा रहे हैं।

## उगली पुलिस की त्वरित कार्रवाईः अपहृत 2 नाबालिग बालक 48 घंटे में दस्तयाब

# बहला-फुसलाकर ले जाने वाला 19 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

थाना उगली अंतर्गत ग्राम भरवेली निवासी 02 नाबालिग बालक के अपहरण के मामले में उगली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बालकों को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**दिनांक 14.06.2026 को दोपहर लगभग 02 से 02.30 बजे के बीच दोनों बालक अपनी-अपनी मां से गांव के सुशांत उर्फ अज्जू सोनवाने के साथ बालाघाट जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वापस न लौटने पर परिजनों ने अज्जू के घर जाकर पता किया, जो घर पर नहीं मिला। परिजनों ने रिश्तेदारी में चमरवाही, बालाघाट एवं नागपुर में तलाश की। कोई पता न चलने पर दिनांक 21.06.2026 को थाना उगली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 107/2026 एवं 108/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।**

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी को तकनीकी सहायता के आधार पर प्र.आर. 205 मनोज सूर्यवंशी एवं आर. 403 रोहित रघुवंशी को नागपुर रवाना किया गया। तलाश के दौरान सूचना मिली कि संदेही व अपहृत बालक खवासा टोल नाका के पास हैं। टीम ने तत्काल दबिश देकर खवासा टोल नाका से दोनों अपहृत बालकों को दस्तयाब किया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लिया। अज्जू उर्फ सुशांत पिता अशोक सोनवाने, उम्र 19 वर्ष, निवासी भरवेली, थाना उगली, जिला सिवनी। आरोपी को दिनांक 23/06/2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा व एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उपनिरीक्षक दयाराम शरणागत, सहायक उपनिरीक्षक सुमेरचंद उईके, प्रधान आरक्षक 205 मनोज सूर्यवंशी एवं आरक्षक 403 रोहित रघुवंशी की त्वरित एवं सराहनीय भूमिका रही। सिवनी पुलिस की अपील बच्चों को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ जाने से रोकें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की सूचना तत्काल डायल 112 या नजदीकी थाने पर दें। और साइबर सुरक्षा के लिये 1930 पर काल करके शिकायत करें।

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओं का समय सीमा में निराकरण न करने पर 15 अधिकारियों पर अर्थदंड आरोपित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर एवं द्वितीय अपील अधिकारी श्रीमती नेहा मीना द्वारा जिले के 15 अधिकारियों पर अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। यह कार्रवाई राजस्व विभाग तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सेवाओं से संबंधित द्वितीय अपीलों के निराकरण के दौरान की गई। जारी आदेश के अनुसार अविवादित नामांतरण, भूमि सीमांकन तथा अन्य अधिसूचित सेवाओं के प्रकरणों में आवेदकों को समय-सीमा के भीतर सेवा उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रकरणों की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके बाद लोक सेवा गारंटी अधिनियम की धारा 7(1)(क) के तहत दंडात्मक कार्रवाई की गई।

कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा जारी आदेश में तहसीलदार सिवनी भाग-2 नितिन चौधरी पर 1000 रुपये, नायब तहसीलदार सिवनी भाग-1 सुश्री राधिका पाठक पर 500 रुपये, नायब तहसीलदार बंडोल सतीश चौधरी पर 500 रुपये, तहसीलदार बरघाट श्रीमती पूजा राणा पर 1000 रुपये तथा नायब तहसीलदार गंगेरुआ धर्मराज तुरकर पर 1000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

इसी प्रकार तहसीलदार लखनादौन दिग्विजय परस्ते पर 1000 रुपये, नायब तहसीलदार धनोरा अमृत लाल धुर्वे पर 1000 रुपये, मुख्य नगरपालिका अधिकारी केवलारी चन्द्रकिशोर भंवरे पर 1000 रुपये, तहसीलदार केवलारी श्री शशांक मेश्राम पर 1000 रुपये तथा नायब तहसीलदार भोमा सुश्री दीक्षा पटेल पर 1000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

इसके अलावा तहसीलदार कुरई शशिपाल शाह परस्ते पर 1000 रुपये, नायब तहसीलदार पलारी केवलारी कुंवरलाल राउत पर 500 रुपये, नायब तहसीलदार उगली केवलारी सुश्री दीक्षा वासनिक पर 500 रुपये, नायब तहसीलदार कहानी श्री अरुण भूषण दुबे पर 500 रुपये तथा तहसीलदार छपारा सौरभ मरावी पर 1000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अर्थदंड की राशि संबंधित अधिकारियों के वेतन से वसूल कर शासन मद में जमा कराई जाए तथा कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी समयबद्ध सेवा वितरण में लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आंधी, तूफान और बारिश से बचने वॉच टावर पर चढ़े थे युवक

# प्रकृति का कहर : आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बैहर और गढ़ी थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम बदलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। अलग-अलग गांवों में हुई इस घटना में आठ अन्य लोग घायल हुए है। घायलों में से दो की हालत बेहद गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पहली बड़ी घटना बैहर थाना क्षेत्र के बिरवा हवाई पट्टी के पास भमोड़ी वन विभाग कैंप में हुई। यहां बिरवा निवासी सतीश वलके (19) और लक्की मेरावी (18) अपनी बहनों के साथ तालाब की ओर गए थे। वहीं भमोड़ी निवासी झामसिंह ताराम (34) और गुचरी ताराम (50) जंगल में लकड़ी काटने निकले थे। अचानक तेज आंधी-तूफान और बारिश शुरू होने पर करीब 9 लोग पास ही बने वन विभाग के वॉच टॉवर में छिप गए। सतीश और लक्की टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से में थे। इसी दौरान टॉवर से सटे एक साल के पेड़ पर जोरदार बिजली कड़कड़ाकर गिरी। हादसे में सबसे ऊपरी हिस्से में मौजूद सतीश वलके और लक्की मेरावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसे झामसिंह ताराम ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।बम्हनी निवासी शालिनी पिता सबजीत वलके (13) भिमोड़ी निवासी देवसिंह पिता कतियासिंह ताराम (50), अतरिया निवासी महेश पिता संतलाल तेकाम (35), देवलाल पिता बजारी तेकाम (50), रायसिंग पिता हजारी पंद्र (52) तथा कौशल्या मरावी (70) वर्ष शामिल है। दूसरी घटना गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुर्सीपार के कोमो गांव की है, जहां नुंकाटोला निवासी चंद्रावती पति कैलाश पुसाम (39) की





आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके अलावा बैहर के ही ग्राम बम्हनी में एक मकान पर बिजली गिरने से दो लोग घायल हो गए, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे में घायल हुए अन्य लोगों में भमोड़ी निवासी गुचरी ताराम (50) और एक अन्य की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बैहर अस्पताल से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। चार अन्य घायलों का इलाज बैहर अस्पताल में ही चल रहा है। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोल्हे ने बताया-डायल 100 पर सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया गया है।

## दुकानदारों की पीड़ा सुन कर्मचारियों पर नाराज हुए विधायक

# पहली ही बारिश में बस स्टैंड बना तालाब

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मानसून की पहली झमाझम बारिश ने ही कटंगी नगर परिषद की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। गुरुवार शाम करीब पौन घंटे हुई झमाझम बारिश में बस स्टैंड का एक एरिया पूरी तरह जलमग्न हो गया। सालों से चली आ रही जलभराव की समस्या फिर सामने आ गई। दुकान परिसर में पानी घुसने से व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव से परेशान बस स्टैंड के दुकानदारों ने तत्काल क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी को अपनी पीड़ा सुनाई। सूचना मिलते ही विधायक गौरव सिंह पारधी शाम करीब साढ़े 6 बजे बस स्टैंड पहुंचे। चारों तरफ भरे पानी और कीचड़ के हालात देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। विधायक पारधी ने मौके पर ही नगर परिषद के कर्मचारियों को बुलाया। विधायक ने मौके से ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड से गुजरने वाली सड़क और नालियों को तुरंत चिन्हित करें।



नालियों की सफाई और लेवलिंग में कहां गड़बड़ी है, इसकी रिपोर्ट तैयार करें। विधायक ने साफ कहा कि जनता को हर बारिश में परेशानी नहीं झेलने देंगे। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड में जलभराव की समस्या नई नहीं है। नालियों की नियमित सफाई न होने, अतिक्रमण और सड़क का लेवल ऊंचा होने से हर बारिश में यहां 2 से 3 फीट तक पानी भर जाता है। बसों के आने-जाने से कीचड़ उछलकर दुकानों में चला जाता है। यात्रियों को बस तक पहुंचने के लिए भी पानी से होकर गुजरना पड़ता है। नगर के नागरिकों ने मांग की है कि बस स्टैंड की जल निकासी के लिए मास्टर प्लान बनाया जाए। जब तक नालियों का ढाल सही नहीं होगा और अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक हर बारिश में यही हाल रहेगा। लोगों ने विधायक से इस समस्या का स्थायी निराकरण कराने की अपील की है। इधर, पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद विधायक ने नगर परिषद के कर्मचारी को वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का काम तो शुरू हुआ लेकिन महज खानापूर्ति ही साबित हुई।

बता दें कि यह हाल केवल बस स्टैंड का ही नहीं है बल्कि शहर के तमाम हिस्सों में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। गांधी चौक से लेकर सिनेमा चौक और मुख्य सड़क मार्ग पर कहीं जगह जलभराव होता है।

## युवा कांग्रेस की जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन 28 जून को काली पुतली चौक में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

युवा कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 28 जून 2026 को दोपहर 1 बजे काली पुतली चौक, बालाघाट में जनसभा एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश एवं देश के युवाओं, किसानों, छात्रों और आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रदर्शन में नीट पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, मध्यप्रदेश की सरकारी भर्तियों में कथित घोटालों की जांच, कॉलेज छात्रों की छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के लिए रू3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, डीएपी खाद के दाम कम करने, 5 एचपी तक के किसानों को 24 घंटे निःशुल्क बिजली, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी, स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महंगाई एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा आदिवासियों की जमीन को भू-माफियाओं से बचाने जैसी मांगों को उठाया जाएगा।युवा कांग्रेस ने जिले के युवाओं, किसानों, छात्रों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूर्ववत सुचारु रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में व्यावसायिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अब पूर्ववत एवं सुचारु रूप से जारी रहेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि 25 जून 2026 को मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के उपयोग एवं आपूर्ति के संबंध में पूर्व में जारी आदेश को विलोपित (निरस्त) कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि आदेश निरस्त होने के बाद जिले की सभी अधिकृत गैस एजेंसियां नियमानुसार व्यावसायिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडरों का वितरण पूर्व की भांति करती रहेंगी। इससे होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भलावी ने जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत गैस एजेंसियों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति संबंधी कोई असुविधा होती है तो वे संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला आपूर्ति कार्यालय, बालाघाट से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

## उर्स कमेटी ने जुलूस निकाला: दरगाह में चादर पेश कर मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में शुक्रवार को मुहर्रम का पर्व बेहद सादगी और अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई और लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने दिवंगत परिजनों की मगफिरत के लिए दुआ की।**

अन्य शहरों से अलग, बालाघाट में मुहर्रम पर ताजियों के जुलूस नहीं निकाले गए। इसके बजाय लोगों ने घरों में शरबत और खिचड़ा बनाकर आपस में बांटा और कर्बला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी को याद किया।

मुहर्रम के मौके पर ही शुक्रवार शाम 5 बजे हजरत हक्कुशाह बाबा के 222वें सालाना उर्स के उपलक्ष्य में उर्स कमेटी द्वारा एक शाही संदल (जुलूस) निकाला गया। यह संदल दरगाह शरीफ से शुरू होकर काली पुतली चौक, बस स्टैंड, रानी अवंती बाई



चौक, बैहर रोड और रजा नगर होते हुए वार्ड नंबर 10 स्थित इमामबाड़ा पहुंचा। इसके बाद इमामबाड़े से अलम और पवित्र चादर के साथ संदल अंजुमन शादी हॉल, बैहर चौकी और देवी तालाब रोड समेत नगर के विभिन्न प्रमुख रास्तों से गुजरा।

इस शाही संदल में बच्चों और युवाओं ने अखाड़े के पारंपरिक हुनर और करतबों का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद संदल वापस दरबार शरीफ पहुंचा, जहां बाबा के आस्ताने पर अकीदत के फूल और चादरें चढ़ाई गईं। अकीदतमंदों ने देश और दुनिया में अमन-चैन, शांति, आपसी भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। उर्स कमेटी ने बताया कि आगामी 29 जून की रात को यहां एक कव्वाली का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद इस सालाना उर्स का समापन होगा।

## राष्ट्रनिर्माण और जनकल्याण में देगें बढचढकर योगदानः सिंद्धांत पाटिल

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी घोषित

### भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने दी संगठन समर्पण की शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की अनुमति तथा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी. जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष बालाघाट रामकिशोर 'नानो' कावरे की अनुशंसा से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धांत पाटिल ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है। इनमें उपाध्यक्ष- संजय जैसवार, अतुल वैद्य, लालदास बारेकर, भारत चौधरी, अनमोल रामटेके, महामंत्री- श्रीमती वैशाली गजभिये, हर्षित रेड्डी, मंत्री- डां संतोष खरोले, दिलीप बेलवंशी, कमलेश सूर्यवंशी, विनोद पंचभाये, डां दीपक चौधरी, कोषाध्यक्ष, रजत डोंगरे, सह कोषाध्यक्ष विनेश डोंगरे, कार्यालय मंत्री कृष्णा मेश्राम, सह कार्यालय मंत्री नितिन सेन्द्रे, मीडिया प्रभारी पवन वैद्य, सह मीडिया प्रभारी शैलेष घरडे, सोशल मीडिया प्रभारी नागसेन वैद्य सह सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती श्यामकली नाग, आईटी प्रभारी सिद्धार्थ खोब्रागड़े, सहआईटी प्रभारी विनय गजभिये, मन की बात प्रमुख रंजीश गौरे, मन की बात सह प्रमुख संत वासनिक, सामाजिक संपर्क प्रमुख भोजलाल श्रीनाग, सामाजिक संपर्क सहप्रमुख श्रीमती मंजू बोरकर, लाभार्थी प्रमुख नंदकिशोर भालाधरे, जिला कार्यकारिणी सदस्य- रामरत्न नन्हेट, अंकुर देशभरतार, रिशु वानखेड़े, अजय गौरे, श्रीमती काजल गौरेख संदीप वैद्य, लखन आनंद, राजू कुरील, श्याम किशोर गजभिये, राजेश मड़के शामिल है। नवनियुक्ति पदाधिकारियों को संगठन सेवा और संगठन समर्पण की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने प्रदत्त दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का आव्हवान किया। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धांत पाटिल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए दायित्व वान पदाधिकारियों से राष्ट्रनिर्माण, संगठन निष्ठा, जनकल्याण के कार्यो में बढचढकर योगदान देने की बात कहीं। क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाईयां दी।

## 208 कोबरा वाहिनी ने गर्व और सैन्य सम्मान के साथ मनाया 16वां स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 25 जून 2026 को 208 कोबरा वाहिनी ने अपना 16वां स्थापना दिवस अत्यंत गर्व, हर्षोल्लास और सैन्य परंपराओं के साथ मनाया, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि कमांडेंट श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड में 'गार्ड ऑफ ऑनर' की सलामी और निरीक्षण के साथ हुई। इस गौरवशाली अवसर पर शहीद स्मारक पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसके बाद कमांडेंट महोदय ने सैनिक सम्मेलन में कार्मिकों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया। दिन के कार्यक्रम में जवानों के बीच खेल भावना से ओतप्रोत एक रोमांचक वॉलीबॉल मैच खेला गया, वहीं संध्याकाल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथि श्री कपिंग गिल (कमांडेंट, 7 BN) और श्री हजारी लाल (कमांडेंट, 123 BN) भी शामिल हुए। परिसर के बच्चों और जवानों द्वारा दी गई रंगारंग व देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और अंततः इस सफल समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण माहौल में एक पारंपरिक सामूहिक भोज (बड़ा खाना) के साथ संपन्न हुआ।

## बैहर एवं बिरसा में नदी-नालों के उफान वाले क्षेत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित

### एसडीएम ने 1 अगस्त तक जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश, उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वर्षा ऋतु के दौरान आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैहर अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री अर्पित गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 26 जून 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 01 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में लगातार वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इससे बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र की नदियों, नालों, बंजर, झरनों तथा तालाबों में जलस्तर बढ़ने और बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों में जनहानि की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

आदेश के तहत बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र में नदी, नाला, झरना, बंजर और तालाब सहित सभी जलस्त्रोतों के उफान वाले स्थानों पर आम लोगों के आने-जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बाढ़ की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को ऐसे स्थलों से 100 मीटर की परिधि के भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, जिन पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन अथवा जमीन धंसने की आशंका है, वहां भी 100 मीटर के दायरे में आमजन का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने नदी-नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों में नहाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश आमजन की सुरक्षा के हित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश से प्रभावित कोई भी व्यक्ति धारा 163(5) के तहत सक्षम न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विशेष परिस्थितियों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा सकेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वर्षा के दौरान नदी-नालों और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।










## सोलह वंश दामाखेड़ा गद्दी की विशाल शोभा यात्रा रही आकर्षण का केंद्र

# बैहर मे धूमधाम से मनाई गई कबीर प्रगट उत्सव!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की बैहर तहसील मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साहेब कबीर पनिका समाज सेवा समिति के द्वारा श्री सदगुरु कबीर साहेब के प्रगट उत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया! 25 जून की सुबह लगभग 8 बजे से समाज की आमीन माता महिला मण्डल द्वारा महिमा पाठ किया गया, जो लगभग दो घंटे तक चलता रहा, जिसके पश्चात, कमल पुष्प को सामाजिक विधि विधान से अर्जित कर, महा चौका आरती धर्म नगरी दामाखेड़ा से पंजा प्राप्त महंत देवान से संपन्न कराया गया, जिसमे विभिन्न क्षेत्रो से पधारे हजारों की तादात मे श्रद्धांलुओं ने इस महा चौका आरती का पुण्य लाभ अर्जित किया, जिसमे महिला बच्चे बुजुर्ग और युवा साथियो ने भी भारी संख्या मे उपस्थित होकर हिस्सा उक्त कार्यक्रम मे हिस्सा लिया, साथ ही साहेब के नाम का विशाल भोजन भण्डारा का आयोजन भी किया गया था, जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने खूब प्रशंसा की, महा प्रसाद वितरण के बाद विशाल कलश शोभा यात्रा सोलह वंश दामाखेड़ा गद्दी को साक्षी मानकर निकाली गई जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही थी।

### सोलह वंश दामाखेड़ा गद्दी की विशाल शोभा यात्रा रही आकर्षण का केंद्र

बालाघाट जिले के बैहर तहसील मे निवासरत पनिका समाज प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी कबीर प्रगट उत्सव के पावन अवसर पर कलश के साथ साथ सोलह वंश दामाखेड़ा गद्दी को अपना अराध्य मानकर विशाल यात्रा भी निकाली गई, जो जिले के लिए आकर्षण का केंद्र रहा! डीजे



धुमाल की धुन पर पनिका समाज खूब थिरका, और अपने आराध्य हुजूर प्रकाशमुनी नाम साहेब, एवं नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब के प्रति अथाह प्रेम बाटते और जय कारे लगाते दिखे, इस विशाल कलश यात्रा मे सर्व धर्म के लोग उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करते है, भाईचारा का फ़र्ज निभाते हुवे किसी ने पानी पिलाया तो किसी ने फल बाटे इस तरह सर्व धर्म के लोग एकता का परिचय देते रहे! वही दूसरी ओर पुलिस प्रशासन विशाल कलश यात्रा के दौरान चाक चौबंध व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा! एवं समस्त प्रसाशनिक बल का विशेष सहयोग विशाल कलश शोभा यात्रा को मिलता रहा, इस तरह कलश यात्रा की भव्यता और सुंदरता देखते ही बन रही थी! जो बैहर के लिये सोलह वंशो का भव्य कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रहा।

### पनिका समाज के अध्यक्ष ने सर्वधर्म का किया आभार व्यक्त

बालाघाट जिले के बैहर तहसील मे निवासरत पनिका समाज को लेकर, बैहर को पनिका समाज बाहुल्य क्षेत्र भी कहां जाता है, यह समाज अपने सात्विक खानपान, सरल स्वभाव और श्वेत वेशभूषा के लिए जाने जाते है, पनिका समाज जन जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार की योजना और कार्यक्रम आयोजित करते रहते, जिसमे सभी धर्मो के मानने वाले लोगो को, शांति सदभावना, सौहाद्र और आपसी भाईचारा की दृष्टि से,शामिल भी किया जाता है, और प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व धर्म के लोग पनिका समाज के इस कबीर प्रगट उत्सव मे शामिल होकर पनिका समाज को सहयोग प्रदान करते रहे! जिसको लेकर पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री आर. राजा सोनवाने ने सर्व धर्म के मानने वालो को ह्रदय से धन्यवाद देकर, आभार व्यक्त करते हुवे कहां की, बैहर एक ऐसी जगह है, जहाँ सभी धर्मो के लोग एक मंच पर उपस्थित होकर आपसी भाईचारा का परीचय देते हुवे, एकता बनाये रखते है, और किसी भी तरह का कोई धार्मिक आयोजनों, उत्सव और कार्यक्रमों मे कंधे से कन्धा मिलाकर साथ खड़े रहते है! जो हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है।